प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.05.2026 ⁄ प्रादेशिक समाचार ⁄ 15:00बजे

नामांकन जांच

प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच कल 4 मई को की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोग के अनुसार इन चुनावों के लिए प्रदेश में एक हज़ार 4 सौ 26 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए हैं। कांगड़ा ज़िले में सबसे अधिक 2 सौ 69 जबकि मण्डी ज़िले में 2 सौ 14 उम्मीदवारों ने नामांकन भरे हैं। उम्मीदवार 6 मई तक नाम वापस ले सकेंगे और इसी दिन चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच होगा।

कार्यशाला

पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी पर दो दिन की राष्ट्रीय कार्यशाला कल से नई दिल्ली में शुरु हो रही है। कार्यशाला में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वर्ष 2026–27 के लिए पंचायत विकास योजनाएं सोलहवें वित्त आयोग की शर्तों के अनुरूप हों और ग्रामीण समुदायों के लिए स्पष्ट दिख सकने योग्य परिणाम प्रदान करें। केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार कार्यशाला में राज्यों के प्रतिनिधि और पंचायत से जुड़े प्रमुख पक्ष शामिल होंगे।

नीट परीक्षा

स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यू.जी. आज आयोजित की जा रही है। परीक्षा दो बजे शुरू हुई जो शाम 5 बजे समाप्त होगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी वर्ष 2019 से नीट यूजी परीक्षा का आयोजन कर रही है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्नातक मेडिकल पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए आज की नीट परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र करूणा, सेवा और जीवनभर सीखने की प्रतिबद्धता का क्षेत्र है।

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह प्रेस की स्वतंत्रता पहलों को प्रोत्साहित करने और विकसित करने सहित विश्व स्तर पर प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने का अवसर है। इस वर्ष का

विषय–शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1993 में यूनेस्को के 1991 में 26वें महासभा सम्मेलन में अपनाई गई एक सिफारिश के बाद की गई थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मीडिया कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय पत्रकारिता ने हमेशा समय की चुनौतियों के बीच खड़े होकर सच की आवाज़ बुलंद की है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी मीडिया जगत से जुड़े लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर आर. बालासुब्रमण्यम और डॉक्टर जोरम अनिया को नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त होने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका समृद्ध अनुभव और विभिन्न मुद्दों की गहरी समझ नीति निर्माण को बहुत मजबूत करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके योगदान से सभी क्षेत्रों में नवाचार और विकास को गति मिलेगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज सुबह से ही वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। धर्मशाला, मंडी और ऊना समेत कई भागों में तेज हवाओं के साथ वर्षा का समाचार है। मौसम के बदले मिजाज़ और ओलावृष्टि से फसलों व फलदार पौधों को नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज और कल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़–तूफान की चेतावनी जारी की है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज और कल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़–तूफान की चेतावनी जारी की है जिसके लिए कल 4 मई को प्रदेश के 5 जिलों सोलन ,सिरमौर, कुल्लू, मंडी और शिमला में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है 5 मई तक प्रदेश में मौसम खराब बने रहने के अनुमान है। IMD के अनुसार, 2 मई से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय' हो गया है, जिसका असर 5 मई तक रहेगा। इस दौरान '40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं, बिजली गिरने और ओलों' के साथ बारिश होगी। ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल–स्पीति, किन्नौर, चंबा, कुल्लू और शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में 'हल्की से मध्यम बर्फबारी' भी हो सकती आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा......

सड़क मुरम्मत

कुल्लू ज़िले में बंजार–औट राष्ट्रीय राजमार्ग पर किए जा रहे पैच वर्क और टारिंग कार्य के चलते ट्रैफिक एडवाइज़री जारी की गई है। बंजार के उपमण्डल अधिकारी पंकज शर्मा ने बताया कि ये निर्णय जन सुरक्षा और सड़क मुरम्मत कार्यों को सुचारू रूप से पूरा करने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने कहा कि कार्य पूरा होने तक ये मार्ग रोज़ाना दोपहर 12 बजे से अढ़ाई बजे तक यातायात के

लिए पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान केवल आपातकालीन सेवा वाहनों को ही आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। प्रशासन ने आम लोगों से इन दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील की है ताकि कार्य तय समय में पूरा किया जा सके।

शोक

कुल्लू पीपुल्ज़ एसोसिएशन शिमला ने कल कुल्लू ज़िले के आनी क्षेत्र में हुई दुर्घटना, जिसमें 4 अध्यापिकाओं की मृत्यु हो गई है, पर गहरा शोक प्रकट किया है। एसोसिएशन ने शिमला से जारी एक शोक संदेश में कहा है कि ये क्षति पूरे ज़िले के लिए दुख की घड़ी है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी सम्वेदना जताते हुए भगवान से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है।

....